लोक सभा अध्यक्ष ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली: 16 अगस्त, 2021: आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने नई दिल्ली में 'सदैव अटल' पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा की अटल जी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। उन्होंने कभी भी दलगत राजनीति को देश से जुड़े मुद्दों के आड़े नहीं आने दिया। देश को सकारात्मकता-आत्मविश्वास के साथ नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प को लेने की कला उनसे सीखी जा सकती है। उनका काम प्रेरणा देता रहेगा।